तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


14 बार-बार की बिजली कटौती पर फूटा गुस्सा माहुरबंदपारा..


14 विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में छात्र-...

## खबर संक्षेप

### घायल का इलाज के दौरान हो गई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चुचरूंगपुर निवासी 39 वर्षीय गैस कुमार मंडावी ईलाज के दौरान जिला अस्पताल कांकेर में 15 मार्च कि रात को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट लगने कि वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### ट्राली में सिर दबने से युवक की मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत कराकी निवासी 28 वर्षीय विरेंद्र मंडावी का ट्रैक्टर-ट्राली में सिर दब जाने से मौत हो गया। कराकी निवासी आनंद मंडावी ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को मृतक का सिर ट्रैक्टर के ट्राली मे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक सवार की मौत शून्य पर रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत हाटकोंदल निवासी रामेश्वर अंसारी का सड़क दुर्घटना में 7 अप्रैल को रात करीबन 7 जें मौत हो गया। हाटाकोंदल निवासी 42 वर्षीय मिलाप अंसारी ने पुलिस को बताया कि मृतक रामेश्वर अंसारी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 4868 में सवार होकर घर जा रहा था। अज्ञात वाहन के चालक ने शेष पेज 12 पर

अपराध

**लोन और आधी ईएमआई पटाने का झांसा देकर रुपए हड़पे**

# 3.50 करोड़ की धोखाधड़ी उजागर, गिरोह फूटा
## आरोपियों में छत्तीसगढ़ के 10 युवक-युवती शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के 10 युवक एवं युवतियों ने कांकेर जिला के 28 लोगों को सरलता से लोन दिलवाकर आधी ईएमआई पटाने का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ की ठगी कर लिया, ठगी के शिकार होने वाले अधिकतम सरकारी कर्मचारी है। पुलिस ने अभी 10 आरोपियों को चिन्हांकित किया है, इनके पकड़े जाने के बाद आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।

चारामा थानांतर्गत पंडरीपानी निवासी 44 वर्षीय मनोज सिन्हा पिता भीखम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि आरवी कंपनी अंबिकापुर एवं स्पर्श एडवाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड रायपुर के फाउंडर अभय कुमार गुप्ता, रागीव हुसैन, मनोज प्रधान, सुरेन्द्र करीहम एवं अन्य के द्वारा मेरे नाम एवं अन्य लोगों से अधिकतम से अधिकतम लोन दिलाने तथा लोन में से 50 प्रतिशत ले के सभी ईएमआई चुकाने का लालच व झांसा देकर करोड़ो रूपये का धोखाधड़ी कर कांकेर जिले के 28 लोगो से 3 करोड़ 72 लाख रूपएं की धोखाधड़ी किया है। दोनों कंपनी के द्वारा कई लोगो को जो सरकारी कर्मचारी है, अधिकतम से अधिकतम लोन दिलाने का तथा उसका ईएमआई कंपनी के द्वारा ही चुकाने का झांसा देकर करीब 28 लोगों एवं अन्य को धोखा देकर सबके ऊपर कई बैंको से कर्ज सैक्शन कराया गया है। उक्त कंपनी से जुड़े लोग जिनको कनेक्टर कहा जाता है, जो अपने आसपास के ऐसे लोगो को चिन्हांकित करते हैं, जिन्हे लोन की जरूरत हो या किसी मजबूरी में हो परंतु उन्हें अपने सैलरी के बेस पर कोई बैंक लोन नहीं देते। कई लोग ऐसे भी है जिनका पहले भी लोन चल रहे थे, परन्तु कनेक्टर्स ने यह भी आश्वासन दिया की आपका लोन क्लोज करके आपको लोन दिया जाएगा।

### खास बातें

- पीड़ितों में कांकेर के 28 लोग शामिल, संख्या और बढ़ने की आशंका
- आरोपी राज्य के विभिन्न जिलों के हैं निवासी पर अपराध संगठित होकर किया
- पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने टीम किया रवाना
- पीड़ितों का पुलिस ने दर्ज किया बयान, पीड़ित की संख्या बढ़ सकती है




### बैक वालों से भी आरोपियों की थी सेटिंग

आरवी कंपनी की दो शाखाएँ है एक आर वी कम्पनी, अम्बिकापुर और दूसरी आर वी कंपनी, रायपुर उर्फ स्पर्श एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर इन कंपनियों का कई बैंको और प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों से सेटअप है, जितने भी लोगों को इस कंपनी ने लोन दिया है, उनके लिस्टेड बैंको और फाइनेंस कंपनियों से ही लोन सेंक्शन हुआ है। इन कम्पनियों के साथ एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, बंधन, एक्सिस, आईडीएफसी, यस, कोटक और बैक आफ बड़ोदा बैंक एवं प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों आदित्य बिड़ला, चोला मंडलम, बजाज, प्यूलेरटन इंडिया, फिनेबल एवं पायसेंसे शामिल है। कनेक्टर्स लोगों के घर किसी न किसी परिचित के माध्यम से आते हैं, क्योंकि उनको हर व्यक्ति के लोन से कमीशन प्राप्त होता है। कनेक्टर्स लोगो को मोटीवेट करते हैं कि आपके सैलरी बेस्ड पर आपको ज्यादा लोन नहीं मिलेगा, परंतु आर वी कम्पनी को बैंक देखते हुए आपको लोन देती है और 50 प्रतिशत लोन अमाउंट से कंपनी लेगी, क्योकि उसकी वजह से ही आपका लोन पास हुआ है साथ ही कंपनी आपके 5-6 सालो तक आपके किश्तों को चुकाएगा।

### कांकेर जिले से 28 लोगों के साथ हुई ठगी

मनोज सिन्हा पिता भीखम सिन्हा निवासी पंडरीपानी चारामा से ठगी राशि 13 लाख 75 हजार, गयात्री पति खम्मन नेताम निवासी अलबेलापारा से ठगी राशि 12 लाख 69 हजार, लछनी निषाद पति माखन लाल निषाद निवासी बरदेभाटा ठगी राशि 23 लाख, संगीता मंडावी पिता बलीराम मंडावी निवासी तिरकादंड चारामा से ठगी राशि 14 लाख 17 हजार, अरूण कुमार नायक पिता राजाराम नायक निवासी पटौद कांकेर से ठगी राशि 10 लाख 90 हजार, तमेश कुमार पिता प्रताप राम निवासी नरहरपुर से ठगी राशि 10 लाख 99 हजार, भागीरथी गावडे पिता बीसनाथ गावडे निवासी किलेपाल चारामा से ठगी राशि 36 लाख, बलराम जुर्री पिता चंद्रभान जुरीं निवासी रतेसरा चारामा से ठगी राशि 21 लाख, महेश कुमार कावडे पिता स्व. श्यामलाल कावड़े निवासी नरहरपुर से ठगी राशि 18 लाख 19 हजार, सपना नेताम पिता भीखन सिंह नेताम निवासी पुरी चारामा से स्वीकृत ठगी राशि 21 लाख, द्रौपती भास्कर पति देवेन्द्र भास्कर निवासी चारामा भाटापारा से ठगी राशि 9 लाख, सूरूज लाल करगा पिता अंजोर सिंग करगा निवासी डुमरपानी नरहरपुर से ठगी राशि 16 लाख 52 हजार, कामिनी नेताम पिता संजय नेताम निवासी चिनौरी चारामा से ठगी राशि 11 लाख, राजकुमार कौशल पिता स्व. श्याम सिंह कौशल निवासी भुईगांव चारामा ठगी राशि 24 लाख 90 हजार रूपये, रमेश्वर शोरी पिता नकछेड़ा राम शोरी निवासी गिरहोला चारामा से ठगी राशि 6 लाख 53 हजार रूपये, संजय कुमार पोटाबी पिता रूपजी राम पोटावी निवासी कोण्डागांव से ठगी राशि 6 लाख 15 हजार, धीरज राम जैन पिता घुरउ राम जैन निवासी साहवाड़ा चारामा से ठगी राशि 2 लाख 41 हजार, ललित कुमार सोनवानी पिता घसियाराम सोनवानी निवासी मरकाटोला नरहरपुर ठगी राशि 25 लाख रूपये, राकेश कुमार पिता मंशा राम निवासी नारायणपुर से ठगी राशि साढ़े चार लाख , रैनू राम नेताम पिता गिल्लू राम नेताम निवासी कोण्डागांव से स्वीकृत ठगी राशि 38 लाख, पुन्य प्रताप जुर्री पिता जयता राम जुर्री निवासी बरकछार चारामा से ठगी राशि साढ़े 3 लाख, श्यामा वाकुर पत्ति स्व वेदराम ठाकुर निवासी जुनवानी चारामा से ठगी राशि 23 लाख, सूरोत जुरीं पिता स्व. माहरा राम जुरी निवासी पलेवा नरहरपुर से ठगी राशि 14 लाख 32 हजार, दरसवती भुआर्य पिता हिरशचंद भुआर्य निवासी चारामा से ठगी राशि 12 लाख, संतोष कुमार कुमेटी पिता टांगरा राम कुमेटी निवासी छिंदगढ़ सुकमा से ठगी राशि 7 लाख 72 हजार 500, प्रकाशचंद सिन्हा पिता स्व. रामरतन सिन्हा निवासी आईएस कालोनी श्रीरामनगर कांकेर से ठगी राशि साढ़ 7 लाख, जमीरा भगत पति कृष्ण कुमार निवासी माकड़ीखूना कांकेर से ठगी राशि 6 लाख 26 हजार, राज कुमार सलाम पिता तुलीराम सलाम निवासी ठेलकाबोड़ कांकेर से ठगी राशि 6 लाख 45 हजार रूपएं किया गया।

### मामला दर्ज किया गया है, आरोपी जल्द होंगे गिरफतार

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि ठगी के शिकार हुए सभी 27 पीड़ितों से बयान लिया गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई जिलों से 10 आरोपियों को चिन्हांकित किया गया है। इन आरोपियों को गिरफतार करने के लिए टीम को रवानार किया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफतार किया जाएगा।

## बदला लेने ढाबे में युवक पर राड से हमला, आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



मारपीट करने की बात को लेकर आरोपी ने खाना खाए गए युवक को लोहे के राड से हमला कर दिया। हमले से युवक बेहोश हो गया, जिसे उसके दोस्तो ने अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी वहा से फरार हो गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे चारामा निवासी सोनू सोनकर ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 7 अप्रैल को रामनवमी के उपलक्ष्य में शाम को शोभा यात्रा निकला था। शोभा यात्रा में मेरे दोस्त लक्की तथा मेरे भैय्या सुभाष सोनकर व अन्य लोग में शामिल हुए थे। वे लोग बताए कि शोभा यात्रा के समय शराब के नशे में मनीष किसी को भी चाकू से मारूंगा कहकर गाली दे रहा था। शोभा यात्रा खत्म होने के बाद गुरू कृपा ढाबा में खाना खाने मैं, योगेश सोनकर, टॉयलेंट व लक्की चारो गए थे। योगेश सोनकर रोटी का आर्डर दे रहा था। हम तीनों लोग बैठे थे उसी समय लगभग साढ़े 11 बजें बजे आरोपी मनीष अचानक पीछे से आया और तुम लोग मिलकर मारे हो कहकर गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी देकर लोहे की राड से योगेश सोनकर के बाएं हाथ में एक बार जोर से मारा तो योगेश वहीं पर बेहोश होकर गिर गया।

योगेश सोनकर को अस्पताल में लाकर भर्ती किए। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनिष के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## नवकार महामंत्र जाप के आयोजन में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव जैन समाज ने किया आयोजित

जैन भवन में भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को प्रातः 8.30 से 9.30 तक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। यह आयोजन 125 देश में विश्व शांति के लिए एक साथ महामंत्र जाप का आयोजन जैन समाज के द्वारा किया गया है।

आयोजित नवका महामंत्र जाप कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर भी पहुँचकर जैन समाज के अनुयाई भगवान महावीर स्वामी के बारे में और जैन समाज के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रकट किया और उन्होने कहा कि जैन समाज सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने वाला समाज है और समाजसेवी समाज कहलाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन्द डडसेना, पूर्व मंडल अध्य्क्ष नरोत्तम सिंह चौहान, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता कस्तूरचंद जैन, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र पाण्डेय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप समाज के शेष पेज 12 पर

## जल जीवन मिशन की टंकी का निर्माण 2 साल से अधूरा, भीरावाही में जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम भीरावही में 2 साल से जल-जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा है। भीरावही में बोर खनन नहीं हुआ है, इसकी वजह से यहां काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मिशन का काम शुरू होने से ग्रामीणों को आस बंधी थी कि गर्मियों में पानी की समस्या नहीं होगी। काम अधूरा होने से इस बार भी गर्मियों में गांव में पानी को लेकर समस्या का हल नही हो पाया।

ग्राम पंचायत हाटकोंदल में 300 घर है, जिसमें 100 घरों में पाइप लाइन विस्तार के साथ स्टैंड पोस्ट बनाई गई। गर्मी का मौसम आ गया, लेकिन नल से पानी नहीं मिलने के कारण गांव वाले परेशान हैं। जल-जीवन मिशन के काम में काफी लेटलतीफी हो रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में जल्द बोर खनन करावकर पानी सप्लाई शुरू किया जाए, ताकि भीषण में गर्मी में शुद्ध पेयजल मिल सके। हाटकोंदल के सरपंच हिरे सिंह दर्रो, संतराम चुरेन्द्र, संतुराम धुर्वे, देविका कावड़े, कांति पटेल ने बताया टंकी बनकर तैयार है। बोर खनन, पाइप लाइन और स्टैंड पोस्ट का काम अधूरा हुआ है। विभाग ठेकेदार के द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर कार्यवाही किया जाता है, तभी ठेकेदार के द्वारा काम किया जाएगा। ठेकेदार की मनमानी से पूरे गांव के लोग परेशान है। हमारी माँग है कि समस्या का शेष पेज 12 पर

## पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर पिता की बेहोश होने तक पिटाई की, विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- काम-धाम करने की बात पर बेटा था गुस्से में



मासुलपानी में बेटे ने अपने दोस्त के साथ पिता को हाथ मुक्का व पास में पड़े ईट से हमला कर उसे घायल कर दिया। मारपीट से आरोपी का पिता बेहोश हो गया और घर के आंगन में ही पड़ा रहा। घटना रात में होने की वजह से मारपीट का शिकार हुए पिता अगले दिन थाना में शिकायत दर्ज कराया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे मासुलपानी निवासी नरेश नेताम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे 2 लड़का एवं एक लड़की है। परिवार के साथ 7 अप्रैल की रात को खाना खाकर मै घर से बाहर निकला था। मैं लगभग साढ़े 9 बजे अपने बड़े बेटे भुनेश्वर नेताम को सुबह महुआ बीनने नही जाते हो और न ही घर के लिए लकड़ी काटने के लिए जाते हो, रात के 11-12 बजे तब मोबाईल में बातचीत करते रहते हो, सोने नही देते हो इतने कहने पर आरोपी बेटा भुनेश्वर नेताम और उसका साथी हेमलाल कल्लो दोनो गुस्से में आकर मुझे गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए पास में पड़े ईट से मेरे सिर एवं गाल में मारे, जिससे मेरे दाहिने गाल, माथा सिर के बांए तरफ चोंट आया है और सिर से काफी खून निकला है। मारपीट से मै घर के आंगन में बेहोश पड़ा था। रात होने के कारण रिपोर्ट नही लिखाने थाना नही आ पाया।

पिता की शिकायत पर नरहरपुर पुलिस ने आरोपी बेटे भुनेश्वर नेताम और हेमलाल कल्लो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर ने किया चारामा-नरहरपुर क्षेत्र का सघन दौरा किया

# विभिन्न ग्रामों में जाकर आवेदकों की समस्याओं से कलेक्टर हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पीएम आवास, स्वास्थ्य केन्द्र, पीडीएस सेंटर सहित निर्माण कार्यों का लिया जायजा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के तहत पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत आवेदकों से उनकी शिकायतों व मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के दूसरे दिन कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के चारामा और नरहरपुर क्षेत्र का सघन दौरा कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में रखी गई समाधान पेटी का निरीक्षण किया, साथ ही मौके पर मौजूद आवेदकों से उनकी मांगों व शिकायतों की जानकारी भी ली।

जिले के चारामा और नरहरपुर क्षेत्र का सघन दौरा कर वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन घरों, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित विभिन्न निर्माणाधीन शासकीय भवनों का स्थल निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति से अवगत भी हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण आवेदकों से सीधे रु-ब-रु होकर उनकी समस्याओं तथा मांगों को गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने सबसे पहले चारामा विकासखण्ड के ग्राम रतेसरा पहुंचे जहां पर चल रहे नाली निर्माण कार्य का मुआयना कर पूरी गुणवत्ता के साथ बनाने के निर्देश जनपद पंचायत चारामा के सीईओ को दिए। इसके बाद वे सराधुनवागांव पहुंचे जहां पर सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने आईं महिलाओं से रू-ब-रू हुए। इस दौरान महिला सरपंच कलिता गोटी ने विद्युत कनेक्शन नहीं होने के कारण पानी की समस्या के बारे में बताया। कलेक्टर ने बताया कि वहां पर नवीन ट्रांसफॉर्मर स्वीकृत हो चुका है और उसे लगाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सुशासन शेष पेज 12 पर

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाराडुला व हल्बा का किया औचक निरीक्षण

चारामा क्षेत्र के प्रवास के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाराडुला व हल्बा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने ओपीडी व आईपीडी कक्ष, रक्त परीक्षण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए केन्द्र में स्वच्छता बरतने और अनावश्यक व अनुपयोगी उपकरणों को हटाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सक को दिए। इसी तरह पीएचसी हल्बा में विभिन्न सेवाओं, रखरखाव और मरीजों की पंजीयन संख्या पर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही प्रसव कक्ष का विस्तार अतिरिक्त भवन में करने मांग पर नियमानुसार प्रस्ताव बनाने के निर्देश चिकित्सक को दिए।

## माता शीतला परिसर में चलाया सफाई अभियान



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी कांकेर ग्रामीण मंडल के द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह मनाते हुए ग्राम पंचायत कोड़ेजुंगा में माता शीतला मंदिर प्रागंण में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कवाड़े, ईश्वर कवाड़े, राजहंस मटियारा, मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, संयोजक दशरथ साहू, महामंत्री प्रकाश निषाद, सह संयोजक सावंत नेताम, चुनेश्वर जैन, रोशन साहू, कन्हैया साहू, अनुसूईया सोनवानी, महंत दास एवं भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned
CTVS Surgeon in Raipur
Apollo HOSPITALS
B - 25, Bagrecha Nursing Home, Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM
For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666



Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS & Heart Transplant Surgeon
Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.
• Aortic valve disease • Coronary artery disease • Sick sinus syndrome
• Atrial Fibrillation • Pericardial effusion • Hole In The Heart
• Cardiomyopathy • Pulmonary Hypertension • Congenital Heart Surgery
Embassy

आवश्यकता है
GLOBAL TILES
ग्लोबल टाइल्स कंपनी को कांकेर जिला के लिए निम्न पदों की अतिशीघ्र आवश्यकता है।
पदनाम- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
पद संख्या-05 स्थान- कांकेर
● इच्छुक व्यक्ति पूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें।
● बाइक और मोबाईल अनिवार्य है।
● अनुभवी को प्राथमिकता ।
● वेतन योग्यतानुसार।
:: संपर्क करे ::
GLOBAL TILES (KAUSHIK TILES)
NEAR MOTHERMARY HOSPITAL, MAIN ROAD UDAYNAGAR KANKER
+91 93283 12685

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने सुपोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज पोषण पखवाड़ा 2025 अंतर्गत जिला कार्यालय से सुपोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह सुपोषण रथ पुरे जिले भर में भ्रमण कर लोगों को सुपोषण के प्रति जागरूक करेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पोषण अभियान के अंतर्गत जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 शुरू हो गया है, जो 22 अप्रैल तक किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। पोषण पखवाड़ा के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, सी–मैम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त कुपोषण मुक्ति के लिए जनजागरूकता, संवेदीकरण तथा विविध समुदाय–आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण भी, पढ़ाई भी गतिविधियाँ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर जागरूकता, स्व–सहायता समूहों की बैठकें, खेलकूद, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, अन्नप्राशन एवं योग शिविर, स्थानीय मिलेट–आधारित परंपरागत खाद्य पदाथोंर् का प्रचार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डायरिया प्रबंधन एवं एनीमिया उन्मूलन जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं।

### फरसगांव के नए बीईओ ने किया पदभार ग्रहण

**फरसगांव।** फरसगांव विकासखंड में नए विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में ललित राम सिंह प्रभारी प्राचार्य आलोर ने बुधवार अपना पदभार ग्रहण किया है। उनके पदभार ग्रहण करने पर फरसगांव में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के शिक्षक, खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी, ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस दौरान मुख्य रूप से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंसराज सिन्हा, बीआरसी अशोक मरकाम, कर्ण सिंह बघेल, भास्कर वर्मा, मुजीब रहमान, संजय सिंग, योगेश्वर साहू, चैतू नेताम, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### 5 प्रकरणों में 4-4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम कुंआपानी निवासी मकतुला राना की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित दुलम सिंह राना को चार लाख, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कुड़ाल निवासी गिरधर लाल तारम की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रेणुका तारम, दाबकट्टा निवासी 80 वर्षीय रजोन्तीन बाई की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित सुनीता को चार-चार लाख रूपए तथा सरोना निवासी दीपिका मंडावी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित रामेश्वर मंडावी एवं चारामा तहसील के ग्राम भानपुरी निवासी 48 वर्षीय रजनी मरकाम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित भागीरथी मरकाम को चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ की हड़ताल को मिला कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ की सात सूत्रीय मांगों को लेकर 5 अप्रैल से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी सोमवार को धरना स्थल पहुंची। कांग्रेस नेताओं ने संघ की मांगों को जायज बताते हुए सरकार पर आदिवासी और मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाया।

जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा कि तेंदूपत्ता, जिसे हरा सोना कहा जाता है, बस्तर की आदिवासी जनता की आजीविका का प्रमुख आधार है। अगर वन प्रबंधक संघ हड़ताल पर है, तो तेंदूपत्ता संग्राहकों और बस्तर के आम लोगों की स्थिति चिंताजनक हो जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में वन प्रबंधकों और फड़ मुंशियों की मांगों को गंभीरता से लिया गया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन्हें अनदेखा कर दिया है। बुधराम नेताम ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी लघु वनोपज प्रबंधक संघ की सभी मांगों का पूर्ण समर्थन करती है और सड़क से लेकर सदन तक उनके साथ खड़ी है। धरना स्थल पर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ कांग्रेस के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

### धरनास्थल पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी ने दिखाई एकजुटता



#### ये रहे शामिल

इनमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद हेमा देवांगन, प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, बाबा खान, सन्नी चोपड़ा, रुपेश गोस्वामी, योगेंद्र पोयाम, कामदेव कोर्राम, तुला पोयाम, गन्नू पोयाम, प्रीति भदौरिया, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, रंजना साहू, भागवत पांडे, समलू देवांगन, मेहतु नेताम, गीतेश बघेल, भूपेंद्र ध्रुव, भूपेश शार्दुल, पूरन नेताम, राजा और सहनवाज खान शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से संघ की मांगों पर त्वरित निर्णय लेने और आदिवासी एवं श्रमिक वर्ग के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।

## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बड़ेराजपुर: ज्यादा जिम्मेदारी से काम होंगे प्रभावित

# सब इंजीनियर को एसडीओ सहित तीन ब्लाक में चार विभागों का दिया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एक सब इंजीनियर को एसडीओ सहित तीन ब्लाक के चार विभागों का प्रभार दिए जाने से सवाल उठने लगे हैं। विभाग में इनसे कई सीनियर अफसर हैं, जो अनुभव भी रखते हैं। एक अफसर के पास ज्यादा जिम्मेदारी होने से काम प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है।

- कई सीनियरों के रहते जूनियर को लगातार प्रभार देने से उठने लगे सवाल

कोण्डागांव जिले में तीन दर्जन से अधिक विभाग कार्यरत है। वही सैकड़ों अधिकारी व कर्मचारी शासन ने नियुक्त कर रखे है। कार्यालय जिला पंचायत कोण्डागांव से जारी जारी आदेश क्रमांक/887/ जि. पं./लेखा/स्था/2025 के अनुसार अश्वनी चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बड़ेराजपुर का स्थानांतरण छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई रायुपर हो गया। किसी अन्य एवजीदार की पदस्थापना नहीं होने पर राजीव कुमार सिंह उपअभियंता जनपद पंचायत केशकाल को अपने कार्य के साथ साथ अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बड़ेराजपुर का प्रभार दिया गया हैं। जिसमें संबंधित विभाग से अनुमति नहीं लिया गया और ना ही कलेक्टर से अनुमोदन लिया गया है। ज्ञात हो कि जिले में विभाग के एक दर्जन से अधिक सीनियर अधिकारी मौजूद हैं। इन सीनियर्स से जिले के अलग अलग शाखाओं में दायित्व देकर कार्य संचालन सम्पन्न करवाया जा सकता हैं। एक दर्जन से अधिक आरईएस विभाग में उपअभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी होने के बाद भी उपअभियंता को प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बनाने पर सवाल उठने लगे हैं।

### तीन ब्लॉक में चार विभागों के देख रहे काम




वर्तमान में राजीव कुमार सिंह उपअभियंता केशकाल ब्लॉक में बतौर सब इंजीनियर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदिवासी विकास शाखा, शिक्षा विभाग, जिला निर्माण समिति के साथ ही फरसगांव ब्लॉक सब इंजीनियर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व बड़ेराजपुर सब इंजीनियर में भी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में इंजीनियर का प्रभार संभाल रहे हैं।

### अनुभव के आधार दिया: सीईओ जिपं

इस विषय पर जब जिला पंचायत कोण्डागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा किअनुभव के आधार पर प्रभार दिया गया हैं। जिसमें जिला कलेक्टर के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से प्रस्ताव आया था।

### बिना प्रस्ताव के ही बना दिये प्रभारी एसडीओ



आरईएस विभाग से मिली जानकारी अनुसार भेजे गए प्रस्ताव में रूपनारायण पटेल अनुविभागीय अधिकारी, आशीष अग्निहोत्री अनुविभागीय अधिकारी व टीएल बंजारे उपअभियंता का नाम भेजा गया था। जो कि तीनों अधिकारी सीनियर है और प्रस्ताव जिसमें राजीव कुमार सिंह का नाम भी नहीं था। हालांकि जब आरईएस के ओमप्रकाश कृष्ण कार्यपालन अभियंता से प्रस्ताव और एनओसी के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से राजीव कुमार सिंह उप अभियंता के लिये प्रस्ताव मांगा गया था, जिसे उन्होंने भेजा था।

## न्यायालय में नवनियुक्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव न्यायालय में आज नवनियुक्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती किरण चतुर्वेदी के आगमन पर जिला अधिवक्ता संघ कोण्डागांव द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर न्यायिक परिवार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने न्यायाधीशों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए उनके स्वागत में उद्बोधन दिया। प्रधान न्यायाधीश श्रीमती किरण चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में सभी अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं दीं और आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एकजुटता से कार्य करने से न्याय प्रक्रिया और अधिक सहज और प्रभावी होती है। जिससे पक्षकारों को सरलता से न्याय मिल सके। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायाधीश महोदय को शुभकामनाएं एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

#### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश यशोदा नाग, एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय सहित कोण्डागांव जिले के समस्त सम्माननीय अधिवक्तागण शामिल हुए।

## राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन मिले 964 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन के आदेशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो 21 अप्रैल तक चलेगा। इसी क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन सातों तहसील के 84 ग्राम पंचायत में शिविर लगाया गया, जहां कुल 964 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान पखवाड़े में अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, विवादित बंटवारा, अविवादित बंटवारा, अभिलेख शुद्धता, बी वन का पाठन, किसान किताब वितरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार सीडिंग, मोबाइल लिंकिंग, जेंडर प्रविष्टि, सीमांकन, अतिक्रमण के प्रकरण संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दुर्ग जिले में रामनवमी के दिन कन्याभोज के नाम पर एक मासूम नाबालिग बच्ची के साथ हुए अनाचार और निर्मम हत्या को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

- नाबालिग से अनाचार के मामले में प्रदेशभर में है आक्रोश का माहौल
- राज्य सरकार पर फूट रहा है लोगों का गुस्सा

जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर कार्यकर्ता बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने पुतला जलाकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार को आरोपियों तक पहुंचने में 48 घंटे का समय लग गया जो राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाली को दर्शाता है। कांग्रेस ने इसे भाजपा के सुशासन के नाम पर कुशासन बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, बाबा खान, सन्नी चोपड़ा, रुपेश गोस्वामी, योगेंद्र पोयाम, कामदेव कोर्राम, तुला पोयाम, गन्नू पोयाम, प्रीति भदौरिया, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, रंजना साहू, भागवत पांडे, समलू देवांगन, मेहतु नेताम, गीतेश बघेल, भूपेंद्र ध्रुव, भूपेश शार्दुल, पूरन नेताम, राजा, सहनवाज खान सहित बड़ी संख्या में मौजुद रहे।

## प्रभारी सचिव ने विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने आज जिला कार्यालय में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा के तहत प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। प्रभारी सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का ईकेवायसी पूरा कराने और केसीसी के तहत ऋण प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कायोंर् में तेजी लाने और जल संरक्षण के उपाय करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा की प्रगति की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति बताई।

#### इन विभागों के संबंध में की गई चर्चा

*बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने सभी अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

## प्राकृतिक आपदा के 3 प्रकरणों में वारिसों को मिलेगी 12 लाख रुपए की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 03 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेजराजपुर तहसील के ग्राम बड़ेराजपुर निवासी योगेन्द्र की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता गोमती, पिता कीर्तन को, माकड़ी तहसील के ग्राम मारागांव निवासी पुनितदास की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता धनाजी दास, माता कमला, बहन प्रमिला, गीता को, केशकाल तहसील के ग्राम चिपरेल निवासी सुनीता की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिता राजकुमार को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

## बीमा कंपनी देगी चोरी गए वाहन का बीमित मूल्य 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को वाहन चोरी होने पर वाहन का बीमित मूल्य 30 हजार रूपए और मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रुपए देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी रोहित कुमार जैन द्वारा अपनी हीरो हंक मोटरसाइकिल का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन दशहरे के दौरान गोल बाजार स्थित उसकी दुकान से चोरी हो गई थी। जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बीमा कंपनी को सूचना प्रदान कर, क्षतिपूर्ति राशि की मांग की गई थी। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा पुलिस रिपोर्ट विलंब से करने एवं वाहन को सूरक्षा बगैर छोड़ने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि आवेदक द्वारा वाहन ढूंढे जाने के पश्चात वाहन नहीं मिलने पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। दशहरे के समय गोल बाजार स्थल दशहरे की धूरी का केंद्र होता है, इसलिए उक्त स्थान को सुनसान इलाका नहीं माना जा सकता है।

## पेज 11 के शेष

### बाइक सवार की...

वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 281, 106 (1), 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### नवकार महामंत्र जाप...

और भारतीय जनता पार्टी के सदस्य तिलोक चंद चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं अन्य समाज के सभी लोग उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन...

निराकरण करते हुए ठेकेदार के द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही किया जाना चाहिए। ऐसे ठेकेदारों को विभाग जब तक ब्लैक लिस्टेड नहीं करेगा, तब तक ठेकेदार अपने कार्यों को मनमानी ढंग से नहीं करेंगे।

### विभिन्न ग्रामों में...

तिहार का उद्देश्य ग्रामीण जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतत निगरानी की जा रही है। इसके पश्चात वे ग्राम पंचायत हाराडुला में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का जायजा लिया। तदुपरांत शासकीय उचित मूल्य की दुकान में बॉयोमेट्रिक पद्धति से राशन वितरण के बारे में हितग्राहियों से चर्चा की। राशन कार्डधारियों ने बताया कि उन्हें चावल, नमक और शक्कर सही मात्रा में समय पर उपलब्ध हो रहा है और साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर पुराने स्कूल भवन का अपलेखन कर उसकी जगह किचन शेड के लिए प्रस्तावित करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी को दिए। इसके अलावा निर्माणाधीन घोटुल भवन हल्बा और ग्राम गितपहर में मिनी स्टेडियम का अवलोकन किया, तदुपरांत ग्राम पंचायत भवन में रखी समाधान पेटी में आवेदन डालने आई महिलाओं करूणा यादव, दुर्गा सिन्हा व रेखा विश्वकर्मा से उनकी मांगों व समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान एसडीएम चारामा नरेन्द्र कुमार बंजारा और जनपद पंचायत सीईओ मौजूद रहे।

नरहरपुर प्रवास के दौरान कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय का दौरा किया, जहां पर उन्होंने विद्यार्थियों से अनौपचारिक चर्चा की। कलेक्टर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालय की गिनती देश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में होती है। उन्होंने बच्चों को बेहतर भविष्य के शिक्षा के महत्व के बारे में बताया, साथ ही उच्च सेवाओं में जाने के लिए कड़ी मेहनत, शिद्दत और लगन के साथ पढ़ाई करने की नसीहत बच्चों को दी। इस दौरान कलेक्टर ने क्लास रूम, आवासीय कक्ष, रसोई व बरामदे का अवलोकन किया। तदुपरांत वे ग्राम सुरही में निर्माणाधीन नवीन एकलव्य विद्यालय परिसर का दौरा कर विभिन्न कमरों का जायजा लिया और उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य निधारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इसके अलावा नरहरपुर के शासकीय महाविद्यालय भवन के लिए प्रस्तावित भूखण्ड के बारे में जानकारी ली। अंत में नरहरपुर की ग्राम पंचायत अमोड़ा में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान पेटी में लिए जा रहे आवेदनों की जानकारी ग्रामीणों से ली। इस मौके पर एसडीएम कांकेर अरूण कुमार वर्मा, जनपद पंचायत नरहरपुर के सीईओ सहित मैदानी अमला उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### रेड्डी बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से पुरस्कृत

जगदलपुर। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की ओर से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय,



कोडेनार के प्रधानाचार्य जी शिवा रेड्डी को बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। भारत में 1000 सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य का चुनाव किया गया था जिसमें जी शिवा रेड्डी को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ। रेड्डी को यह दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त हो रहा है पिछली बार भी यह पुरस्कार उन्हें ही मिला था। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान,निरंतर प्रयासों तथा बेहतर कार्य कुशलता,बेहतर अध्यापन प्रबंधन ,उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया गया है। इसमें प्रधानाचार्य को सोनाटा घड़ी तथा बेस्ट प्रिंसिपल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि उनका शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा का लाभ प्राप्त हो सके। जिससे विद्यार्थी अपने माता-पिता,क्षेत्र, का नाम रोशन करें, शिक्षित व योग्य बने।

### सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो को जनता तक पहुंचाए : विनायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 9 अप्रैल को तोकापाल सामुदायिक भवन में किया गया, जिसमें चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के सभी सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों और कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने जो प्रगति की है, वह ऐतिहासिक है और इसे जनता तक पहुंचाना हमारे कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के दृष्टिकोण और आगामी चुनावों के लिए रणनीतियों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और आगामी चुनावों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, प्रभारी नरसिंह राव, सह प्रभारी बाबुल नाग, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मंगतुराम कश्यप, देवी प्रसाद वेंजाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, सुश्री पदमनी कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतु राम बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, बसंत कश्यप समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जरूरत पड़ने पर कुछ स्थानों पर और प्याऊ घर खोला जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा बुधवार को शहर में प्याऊ घर का उद्घाटन महापौर एवं जिला मुख्य आयुक्त भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स संजय पाण्डे के हाथों किया गया। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बाहर और महारानी लक्ष्मी कन्या क्रमांक 2 स्कूल के सामने गीदम रोड में प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया है।

- महापौर ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

जगदलपुर सहित 6 विकासखंडों में आज प्याऊ घर खोला गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्याऊ घर खोले जाने से राहगीरों को इससे राहत मिलेगा। महापौर संजय पाण्डे ने कहा जरूरत पड़ने पर शहर के संजय मार्केट सहित कुछ स्थानों पर प्याऊ घर खोला जाएगा।

इस अवसर पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, निगम के एमआईसी मेंबर सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा,पारुल बोथरा, प्रकाश झा, पंकज आचार्य, अभिलाष, राज पाण्डे,नवीन बोथरा, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार, जिला सचिव लिलेश देवांगन, जिला संगठन आयुक्त दशरू राम यादव, मीरा हिरवानी, अनिल शुक्ला, गिरवर रावटे, नवीन ठाकुर, विजय चंद्राकर एवं गाइडर,जमुना ठाकुर , जयंती लोहाना, रूमा निकहत, किरण यादव, प्राचार्य मनीषा खत्री, मदनकर, संजीव शील, वर्गीस सहित विभिन्न स्कूलों के स्कॉउट् गाइड उपस्थित रहे।

# शुभ 11 महावीर क्रिकेट कप प्रतियोगिता की बनी सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रीमियर लीग महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 का सोमवार को फाइनल मैच के

- प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव एवं विशिष्ट अतिथि ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा व दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनूप जैन के आतिथ्य में समापन किया गया।

किरण देव ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं के जज्बे को मैं सलाम करता हूं जो पिछले कई वर्षों से इस आयोजन के माध्यम से बेजुबान जानवरों को भोजन मुहैया कराते आ रहे हैं, लेकिन इस बार जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन ने आकस्मिक परिस्थितियों में जरूरतमंद लोगों को एम्बुलेंस न मिल पाने की पीड़ा को महसूस किया है और आयोजन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एम्बुलेंस मुहैया कराने का बीड़ा उठाया। यही वजह है कि इसके सभी सदस्य भगवान महावीर के दिखाये हुए रास्ते पर चलकर एक नेक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। भंवर बोथरा ने कहा कि सेवा भावना से एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए सफलतापूर्वक किया गया यह आयोजन सकल जैन समाज की एकता को प्रस्तुत कर रहा है जो कि अन्य सभी समाजों के लिए एक मिशाल के रूप में उदाहरण है। अनूप जैन ने कहा कि जैन समाज के युवाओं ने एम्बुलेंस सेवा संचालित करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था आज उसे पूरा कर समाज के युवाओं ने भगवान महावीर के बताये हुए रास्ते पर चलकर समाज का नाम रोशन करने का कार्य किया है।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शुभ 11 की टीम ने अपने खेल का लोहा मनवाया और 8 विकेट से महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 के खिताब पर कब्जा किया। विनम्र 11 की टीम ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट पर 83 रन बनाए एवं शुभ 11 को जीत के लिए 84 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष के बाद निर्धारित 12 ओवर से पूर्व ही शुभ 11 ने विजय प्राप्त की और प्रतियोगिता की सिरमौर बनी।

जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा एवं मनीष पारख ने फाइनल मैच के संबंध में सभी मीडिया हाउस से विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

# शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर मिलने वाली अनुग्रह राशि में करें वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने मंत्री वित्त, वाणिज्य कर,आवास एवं पर्यावरण,योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को पत्र प्रेषित कर छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को शासकीय सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके परिवार को मिलने वाली 50000 की अनुग्रह राशि की वृद्धि कर 125000 करने की मांग की है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि किसी शासकीय सेवक की सेवा में रहते मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के 6 माह के बराबर अधिकतम 50000 की सीमा तक अनुग्रह राशि दिए जाने का प्रावधान है। क्योंकि यह पुराने वेतनमान के आधार पर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के शासकीय सेवकों को सातवां वेतनमान प्राप्त है। इसी अप्रैल महीने में मध्य प्रदेश शासन ने मध्य प्रदेश के शासकीय सेवकों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर मृतक के



परिवार को मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के 6 गुना के बराबर अधिकतम 125000 अनुग्रह अनुदान स्वीकृत किया गया है। संघ के संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला, जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष संजय चौहान, सुभाष पांडे, मनोज महापात्र,सचिव अनिल गुप्ता, राजेंद्र पांडे,प्रमोद पांडे,आरपी मिश्रा, जीएल यादव, संजय वैष्णव, थैलेश जोशी,तारा सिंह फूटान आदि ने भी छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवकों के हितार्थ शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को देय अनुग्रह राशि को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के आधार पर 50000 से बढ़ाकर 125000 करने की मांग दोहराई है।

# भगवान महावीर के बताए सदमार्ग का करें अनुशरण : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज द्वारा 13 दिवसीय कार्यक्रम भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के मौके पर महापौर संजय पाण्डे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। जगदलपुर के वाटर फ्रंट में मंगलवार रात को आयोजित जैनिज्म परिवार के द्वारा संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मालूम हो कि 13 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च से किया गया है जिसका समापन 10 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने कुमकुम, तिलक लगाकर संजय पाण्डे का स्वागत किया।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा भगवान महावीर के बताएं रास्ते पर चलें, सदमार्ग का अनुशरण करें। भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाए। ऐसे आयोजनों से समाज के उभरते कलाकारों को मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी प्रतिभा भी उभरती है। समाज की महिलाओं व नन्हीं बालिकाओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच में महापौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनोहर लूनिया, भंवर बोथरा, पारसमल जैन, विमल बोथरा, श्रीपाल जैन, जयेश बरडिया, चंद्रेश छाजेड संध्या वैष्णव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अपर आयुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण...



जगदलपुर। हाऊसिंग बोर्ड के बीजापुर जिले के मुख्यालय, आवापल्ली आदि भवन का निर्माण कार्यों का हाल ही में बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उप आयुक्त जीपी प्रजापिता, इलेक्टॉनिक के कार्यपालन अभियंता केके कश्यप आदि शामिल रहे।

# पंचायत सचिवों ने हड़ताल पंडाल में किया रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 17 मार्च से जारी है। इस दौरान सचिव जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालयों में निरंतर धरना दे रहे हैं।

- 17 मार्च से हड़ताल पर हैं सचिव
- सचिवों के बगैर ही आयोजित हो रहा सुशासन तिहार

बुधवार को सचिवों ने हड़ताल पंडाल में रामायण पाठ किया। पंचायत सचिव नियमितीकरण-शासकीयकरण संबंधी एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इस बीच राज्य सरकार ने लोक सुराज अभियान की शुरुआत कर दी है, जिसका नाम इस बार सुशासन तिहार रखा गया है। इसके जरिए नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की मांगों व शिकायतों के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन पंचायत सचिवों के हड़ताल पर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पंचायत के काम-काज ठप पड़े हुए हैं। दो दिन पहले सोमवार को सरपंच संघ की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने धरना स्थल दुर्गा मंडप में पहुंचकर सचिवों के आंदोलन को समर्थन दिया था। सरपंच संघ के चारो ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों ने सचिवों की मांग को जायज बताते हुए इसे तत्काल पूरी करने की मांग रखी। साथ ही कहा कि पंचायत सचिवों पर जितना कार्य भार और मानसिक दबाव रहता है, उसे देखते हुए शासन को नियमितीकरण-शासकीयकरण की मांग को तत्काल पूरा करना चाहिए। चुनाव में जब से नए सरपंच चुनकर आए हैं, तब से सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। नए सरपंचों को काम करने और कुछ सीखने का मौका ही नही मिल रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। आम जनता अपने काम के लिए भटक रही है।

# एनएसयूआई ने मनाया 55वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बस्तर जिला एनएसयूआई के तत्वावधान में बुधवार को हर्षोल्लास के 55 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, शहर अध्यक्ष एनएसयूआई विशाल खंबारी व प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई आदित्य सिंह बिसेन के द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में झण्डावंदन किया गया।

झण्डावंदन पश्चात मौर्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा 9 अप्रैल 1970 को छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकार दिये जाने हेतु छात्रों का पूर्ण और राजनैतिक संगठन का गठन किया गया था। जिसके अन्तर्गत एक पृथक संविधान तथा ध्वज को भी आकार दिया गया। विशाल खंबारी ने कहा एनएसयूआई कांग्रेस की जड़ है। यह संगठन हमेशा छात्रों और युवाओं के हितों के लिए कार्य करता है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा है,जो भारत की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टियों में से एक है।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, जिला महामंत्री रविशंकर तिवारी,छबि श्याम तिवारी, जनपद सदस्य जश्नकेतन जोशी, निगम पार्षद लोकेश चौधरी आर के गिरी, प्रदेश महासचिव ज्योति राव, सोनू कश्यप, शेक अयाज़, पंकज केवट,नुरेंद्र साहू, करण बजाज,कर्त्तव्य आचार्य, नितेश जोशी, हंशु नाग, कुणाल पटेल, कुणाल पांडे,तन्मय चौहान, प्रदीप सेठिया, शिव कश्यप, अमन चंदेल, किशू बघेल,तुषार प्रधान, रेहान रिज़वी समीर नाग,एवं अन्य उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में शामिल होंगे बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में 10 मई को बस्तर जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया

- प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में पक्षकारों को शासन के छुट

जा रहा है। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है। इसमें वसूली योग्य राशि से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल, जलकर एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता केन्द्र में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अपनी संस्था में वसूली योग्य राशि को प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के माध्यम से निराकरण हेतु रखे जाने हेतु चिन्हांकित कर यथाशीघ्र प्राधिकरण में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरणों में उन्हें पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को



निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में प्रमुख बैंकों से उपस्थित अधिकारियों द्वारा यह व्यक्त किया गया कि नेशनल लोक अदालत में ऋण वसूली योग्य प्रस्तुत किये गये प्रकरणों में हितग्राहियों के वसूली योग्य राशि के संबंध में शासन के नियमानुसार छुट दिलाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## राजीनामा के आधार पर होगा निराकरण

प्रधान जिला न्यायाधीश, प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जांगड़े और व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप ने बताया कि आयोजित नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता एवं राजीनामा के आधार पर उनके मध्य उत्पन्न विवादों का समाधान किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित होकर अपने मामलों का निराकरण करा सकेंगे। लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने का एक सशक्त माध्यम तथा विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिये एक वैकल्पिक मंच है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित या विवाद पूर्व प्रकरणों का आपसी समझाईस एवं सुलह के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण कराया जाता है।



## खबर संक्षेप

### पैरालीगल वालेंटियर्स की मासिक बैठक हुई

कांकेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के कार्यालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में समस्त पैरालीगल वॉलेंटियर्स की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति प्रभु जैन ने की। बैठक के दौरान सचिव ने पैरालीगल वोलेंटियर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और उन्हें विधिक सहायता के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने वोलेंटियर्स को समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने और विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव ने समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। बैठक में सभी पैरालिगल वोलेंटियर्स ने अपनी कार्यप्रणाली और अनुभव साझा किया तथा भविष्य में अपने दायित्वों को अधिक तत्परता और निष्ठा से निभाने की बात कही।

### आत्मानंद स्कूल में आज से प्रवेश प्रारंभ

दुर्गुकोंदल। शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में सत्र 2025-26 में छात्र- छात्राओं के प्रवेश के लिए सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले है। प्रवेश के लिए समय निम्ननुसार है, जिसमें प्रवेश के लिए आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 6 मई से 10 मई तक किया जाना है।

समस्या : बिजली बहाली और 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाने का वादा करने पर खुला चक्काजाम

# बार-बार की बिजली कटौती पर फूटा गुस्सा माहुरबंदपारावासियों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

गर्मी में बार बार हो रही बिजली गुल को लेकर अब शहरवासियों का धैर्य जवाब देने लगा है। दो दिन में दूसरी बार बिजली विभाग के खिलाफ शहरवासियों ने बड़ा प्रदर्शन किया। मंगलवार को शहर के माहुरबंदपारा तथा सिविल लाईन में बिजली बंद होते ही शहरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और वे सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन करते दो घंटे तक मेनरोड में चक्काजाम कर दिया। अफसर समझाने आए तो उन पर भड़ास निकालते खरीखोटी सुनाई। बिजली बहाल होने के बाद ही प्रदर्शनकारी सड़क से हटे। बहाल बिजली फिर से आधा घंटे बाद बंद हो गई, जो रात और बुधवार को दिनभर बंद रही। मंगलवार 8 अप्रैल को भी शहर में मौसम खराब हुए बिना बिजली बंद होने का सिलसिला जारी रहा। रात 9 बजे माहुरबंदपारा व सिविल लाईन इलाके की बिजली बंद हो गई। तीन दिनों से ऐसे ही हालात का सामना कर रहे वार्डवासियों को गुस्सा फुट पड़ा। पार्षद दीपक शोरी तथा वार्ड के लोग सड़क पर उतर आए। ऊपर नीचे रोड में वाहनों को ख़ड़ाकर चक्काजाम कर दिया। समर्थन देने व समस्या से जूझ रहे शहर के दूसरे मुहल्ले के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। रात साढ़े नौ बजे से मेनरोड पर जाम लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटने समझाया लेकिन वे बिजली विभाग के बड़े अफसरों को बुलाने की मांग को लेकर अड़ गए। खबर लगते ही सहायक अभियंता बसंत कोड़ोपी मौके पर पहुंचे तथा तकनीकी कारणों को समझाने लगे। प्रदर्शनकारियों ने उन पर ही भड़ास निकालते कार्यपालन अभियंता को बुलाने मांग रख दी। कुछ देर बाद कार्यपालन अभियंता एसके किंडो मौके पर पहुंचे। समझाईश देते सड़क छोड़ने कहा लेकिन प्रदर्शनकारी समस्या का स्थाई समाधान, अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने तथा बिजली आने के बाद ही सड़क से हटने जिद पर अड़ गए, वहीं बिजली विभाग की टीम लगातार फाल्ट तलाशती रही। बीती रात साढ़े 11 बजे बिजली बहाल होने के बाद प्रदर्शनकारी सड़क से हटे। प्रदर्शन में शामिल विरेंद्र साहू ने कहा बिजली विभाग डुप्लीकेट सामान लगा रही है, जिससे बार बार समस्या आ रही है। धीरज गोलछा ने कहा कम क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने के कारण समस्या आ रही है। अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने मांग करने पर विभाग उल्टे हमसे जमीन मांगता है।




चक्काजाम करते हुए बैठे मुहल्लेवासी

#### एसडीएम बोले मैं भी हूं परेशान

एसडीएम अरूण वर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा कहा मेरा भी क्वाटर सिविल लाईन में है जहां बिजली बंद है। आपकी तरह मैं भी परेशान हूं। समस्या हल की जा रही है। रास्ता छोड़ वाहनों को आने जाने दें। प्रदर्शनकारियों ने उनकी बात मानने इंकार कर दिया जिसके बाद रूट डायवर्ट कर वाहनों को दुसरे मार्ग से रवाना किया गया।

#### बुधवार को दिनभर बंद रही लाईट

रात को चक्काजाम करने के बाद लाईट चालू हुई, परंतु ऊपर नीचे रोड पर आधा घंटा बाद फिर से केबल जल गई। केबल जलने से फिर से लाईट बंद हो गई। यह सप्लाई दिनभर बंद रही और ले देकर दोपहर को एक बजे के आसपास चालू हुई और फिर से साढ़े 3 बजे बंद हो गई। उसके उपरांत पौने 7 बजे सप्लाई चालू हो पाई। दिनभर सप्लाई को बहाल करने में अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार पर समन्वय नहीं होने के कारण ही बुधवार को दिनभर विभाग का अमला और आमजनता परेशान होते रहे।



चक्काजाम खुलने के बाद केबल जलकर हुई खाक

## कलेक्टर से पार्षद व भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात और विकास पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

नरहरपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुँचे कलेक्टर निलेश कुमार व जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी से स्थानीय विश्राम गृह नरहरपुर में पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने मुलाक़ात किया और नगर विकास को लेकर सार्थक चर्चा किया। कलेक्टर ने सभी विषयों पर गंभीरता दिखाते हुए पूरी तरह सहयोग करने व नगर विकास के लिए हर संभव मदद करने भरोसा दिलाया। नरहरपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुँचे कांकेर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने नगर विकास को लेकर सार्थक चर्चा किया, जिसमें पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी सड़क निर्माण कार्य व स्कूल परिसर में कबाड़ हो चुके गार्डन व झूलाघर के सौंदर्यीकरण कराने व नगर के मुख्य मार्गों पर यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कराने तथा नरहरपुर धमतरी रोड थाना चौक जो की सर्वाधिक वाहन आवागमन वाला रोड है, परंतु उक्त चौक काफ़ी सकरा होने के चलते आय दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, जिसे लेकर मुकेश संचेती ने कलेक्टर को समस्या से अवगत कराते हुए बताया की विश्राम गृह के कार्नर वाले दिवार को पीछे करने पर सड़क चौड़ा किया जा सकेगा तथा शहीद हीरा सिंह निषाद के प्रतिमा स्थल का भी सौंदर्यीकरण करने आग्रह किया, जिस पर कलेक्टर ने उक्त सभी विषयों पर गंभीरता दिखाते हुए पूरी तरह सहयोग करने व नगर विकास के लिए हर संभव मदद करने भरोसा दिलाया, जिस पर पार्षद मुकेश संचेती, भागवत शोरी व भाजपा कार्यकर्ता नितेश मगेद्र ने आभार व्यक्त किया। इस मौक़े पर सभी तहसीलदार पौरस वेंताल, जनपद सीईओ रवि कुमार साव, नगर पंचायत सीएमओ रोशन ठाकुर सहित स्थानीय प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने मरकाटोला में चलाया स्वच्छता अभियान



चारामा। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम चलो कार्यक्रम में ग्राम मरकाटोला में जाकर स्वच्छता कार्यक्रम, सामाजिक प्रमुखों से मुलाकात कर, सरकार की योजना, कुंभ का सफल आयोजन, वफ्फ बोर्ड एक्ट के फायदे के विषय में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में संयोजक सुशील निषाद, सह संयोजक महावीर उसेंडी, विजयेंद्र कुमार सिन्हा, बूथ अध्यक्ष राम सिंह पटेल, स्वप्न बोस, अशोक देवांगन, घनश्याम भारद्वाज, देवेंद्र वर्मा, कोमल पटेल, ग्राम के मातृशक्ति, सरपंच, पंच व अन्य उपस्थित रहें।

### तीन दिनी योग इंटीग्रेट शिविर 25 से 27 तक

कांकेर। कांकेर के ऊपर नीचे तालाब के नजदीक खूबसूरत वंदेमातरम स्थल में आगामी 24, 25 व 26 अप्रैल को केंद्रीय प्रभारी पतंजलि युवा भारत व स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय हरिद्वार के प्राचार्य परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव के परम स्नेही शिष्य पूज्य स्वामी आदित्य देव के पावन उपस्थिति में तीन दिवसीय विशाल योग इंटीग्रेट शिविर में योग की अमृत वर्षा होगी, जिससे सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामय का जयघोष होगा। इनके द्वारा तीन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें मुख्य रूप से 5 हजार सूर्य नमस्कार 9:30 घंटे में, ढाई हजार सूर्य नमस्कार 5 घंटे में एवं 1 घंटे में सबसे तेज सूर्य नमस्कार 585 बार करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित है। ऐसी विभूति का सानिध्य हमें सबको मिलने का सौभाग्य प्राप्त होने वाला है।

## भानुप्रतापपुर जनपद की स्थायी समितियां गठित, सर्वसम्मति से मनोनीत हुए सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर की स्थायी समितियों के गठन के लिए विहित प्राधिकारी एवं एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में जनपद पंचायत के स्थायी समितियों का गठन किया गया। एसडीएम ने सभी सदस्यों को कहा कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज प्रावधानों के तहत जनपद के स्थायी समिति का गठन किया जाना है, जिसमें प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन समिति, शिक्षा समिति, कृषि समिति, संचार तथा संकर्म समिति एवं सहकारिता एवं उदयोग प्रमुख है। भानुप्रतापपुर एसडीएम गंगाधर वाहिले ने बताया कि सामान्य प्रशासन समिति के पदेन सभापति जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन सभापति जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष होंगे। इसके आलावा शेष समिति के सभापति सामान्य प्रशासन समिति के सदस्य होंगे। शिक्षा समिति में एक महिला और एक अनूसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति वर्ग का होगा। बैठक में भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के सभी 14 सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी समितियों का गठन का प्रस्ताव स्वीकार किया। बैठक में सम्पन्न समितियों में सामान्य प्रशासन समिति के सभापति सुनाराम तेता जनपद अध्यक्ष, निर्मला कावडे जनपद उपाध्यक्ष एवं सदस्य राजकुमार दर्रो, भुनेश्वर कोरेटी एवं खेमिन कोरेटी होंगे। शिक्षा समिति के सभापति निर्मला कावडे जनपद उपाध्यक्ष, सदस्य टुपेश्वरी उइके, दिलेश्वरी, तेजबती शोरी, खेमिन कोरेटी होंगे। कृषि समिति के सभापति राजकुमार दर्रो, सदस्य सरोज मरकाम, टुपेश्वरी उइके, दिलेश्वरी दर्रो, खेमिन कोरेटी होगें। संचार तथा संकर्म समिति के सभापति भुनेश्वर कोरेटी, सदस्य सरोज मरकाम, निर्मला कावड़े, राजकुमार दर्रो, टुपेश्वरी उइके होंगे। सहकारिता और उद्योग समिति के सभापति खेमिन कोरेटी, सदस्य भुनेश्वर कोरेटी, निर्मला कावड़े, राजकुमार दर्रो, गिरजा देवी होंगे। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति सरोज मरकाम, सदस्य खेमिन कोरेटी, तेजबती शोरी, लोकेश्वरी कमलेश निषाद, गिरिजा देवी होंगे। वन समिति के सभापति दिलेश्वरी दर्रो,सदस्य प्रेमबती उसेण्डी, लोकेश्वरी कमलेश निषाद, विष्णुराम कचलाम, वरूण खापर्डे होंगे। स्वच्छता एवं पेयजल समिति के सभापति वरूण खापर्डे,सदस्य तेजबती शोरी, लोकेश्वरी कमलेश निषाद, विष्णुराम कचलाम, प्रेमबती उसेण्डी होंगे। बैठक में एसडीएम गंगाधर वाहिले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राधेश्याम भास्कर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर एवं सभी जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



पैराडाइज स्कूल हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। स्कूल में प्रतिदिन सभी छात्रों को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाता है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सकें। बच्चों को भोजन करने से पहले एवं शौचालय के बाद हाथ धोने के तरीके के विषय मे बताया गया एवं स्कूल परिसर की भी साफ-सफाई किया गई।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस अवसर पर स्वास्थ्य परामर्श के लिए अतिथि डॉ. एलसी लालवानी ने प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य रहने के लिए शारीरिक परिश्रम, खानपान, मेडिकल चेकअप और अन्य प्रकार की गतिविधियाँ करवाई। प्री. प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों को शिक्षकों के द्वारा हैंडवाश करने का तरीका एवं स्वास्थ्य सें संबंधित ड्राईग करवाये, डॉक्टर के वेशभूषा में अपने कक्षा के बच्चों का बीपी नापकर, हार्ट बिटिंग मेजरमेन्ट, इंजेक्शन लगाने का अभिनय करते हुये स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जिला सरकारी अस्पताल के मेडिकल टीम के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सकों राहुल कुंजाम मेडिकल ऑफिसर, ताराचंद साहू, ज्योत्सना साहू, वंदना मण्डावी आयुष मेडिकल ऑफिसर, सुनिता सिन्हा एएनएम, बिन्देश्वरी सिन्हा लैब टेक्नीषियन, देवेन्द्र सोनबोइर, पूजा उसेण्डी स्टाफ नर्स, सविता सलाम डेरेसर, कविता प्रसाद, दिनेश मजूमदार, अनिल कुमार साहू के द्वारा किया गया, छात्र-छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए उपाय तथा आवश्यक उपचार के लिये सलाह दी गई। स्वास्थ्य जागरूकता के इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

## लघु वनोपज संघ से प्रबंध संचालक ने हड़ताल समाप्त करने की अपील की, दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं संग्रहण कार्य में जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस वर्ष भी 1 लाख 19 सौ मानक बोरा का लक्ष्य रखा गया है। प्रबंधको के हड़ताल के चलते कार्य प्रभावित हो रहे है। हड़ताल को समाप्त करने के लिए प्रबंध संचालक जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर दुलेश्वर प्रसाद साहू ने बुधवार को हड़ताल स्थल पर पहुचकर उनसे चर्चा करते हुए हड़ताल को समाप्त करने का अनुरोध किया एवं उनके मांग को सरकार तक पहुचने की बात कही। वेतनविसंगति व नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर जिला लघु वनोपजसंघ के प्रबंधको का प्रान्तीय स्तर का अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 5 अप्रैल से जारी है।

- हड़ताल से तेंदूपत्ता तोड़ाई और संग्रहण का कार्य प्रभावित



प्रबंधको के हड़ताल में चले जाने से आगामी तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं संग्रहण का कार्य प्रभावित हो रहे है। प्रबंध संचालक ने कहा कि पड़ोसी राज्य उड़ीसा, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से अधिक वेतन छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रबंधको के है। सरकार आप लोगों के हित में हमेशा कार्य करते हुए आ रहा है। पूर्व में आप लोगो का वेतन 13 हजार 200 रुपए मिलता था, जिसे बढाकर वर्तमान में 23 हजार 650 रुपए मिल रहे है। उन्होंने कहा कि आप लोग किसी के बहकावे में नही आये आप लोगो का हड़ताल समय का चयन गलत है। तेंदूपत्ता तोड़ाई व संग्रहण कार्य से वनवासियों भाईयो के आय का प्रमुख साधन है। आदिवासी भाईयो को इस पल का इंतिजार रहता है। साल भर का जीविकोपार्जन का स्रोत है, लेकिन आप लोगो के हड़ताल के चलते उन लोगो का नुकसान हो रहा है, इसलिए मैं आप लोगो से हड़ताल समाप्त करने का अनुरोध कर रहा हूँ। आप लोगो को आश्वासन दिलाता हूँ कि आप लोगो का जो भी मांग है उसे मैं शासन स्तर तक पहुचा दूंगा एवं सरकार भी आप लोगो कि मांग पर विचार करते हुए मांग को मानते जा रहा है। इस अवसर पर गंभीर सिह जावड़े उप प्रबंध संचालक सहित प्रबंधक उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने सुपरवाइजरों को लंबित आवेदनों का निपटारा तत्काल करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले ने भानुप्रतापपुर तहसील के सभा कक्ष में विधानसभा के सभी सुपरवायजरों की बैठक ली। सभी सुपरवायजरों को निर्देशित किया कि बीएलओं की आईडी में कोई भी आवेदन 7 दिन के पूर्व निराकरण कर ले अन्यथा संबंधित को कारण बताओं जारी किया जाएगा। सभी अपने अपने बीएलओ को सूचित करे कि कोई भी आवेदन चाहे वह आनलाईन ही क्यों न हो उसका निराकरण 7 दिवस के अंदर पूर्ण करे एवं कोई भी आवेदन अपनी आईडी में लंबित न रखें। आयोजित बैठक में एसडीएम ने कहा कि तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा ने आगामी मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के पूर्व उसका पूरा अभ्यास कर ले, ताकि कोई भी ऐसे मतदान केंद्र जहां अत्यधिक मतदाता है या मतदाता को 2 किमी से अधिक दूरी तय करनी पडती हो उनका चिन्हांकन कर लें। मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि आवेदनों के निराकरण के साथ ही साथ आगामी जुलाई 2025 की अर्हता तिथि को 18 साल पूर्ण कर चुके मतदाताओं का नाम जोडे और साथ ही साथ आने वाले समय में आधार कार्ड को एपिक कार्ड से लिंक किया जाएगा इसकी भी कार्ययोजना तैयार कर ले। निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर ने बताया कि कोई आवेदक आनलाईन आवेदन करता है तो वह बीएलओ की आईडी में जाएगा, जिसे बीएलओ को तत्काल सत्यापन कर उसे आगे प्रोसेस करेंगे। बैठक में सुपरवायजर निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गौतम, बाबूलाल कोमरे, प्रदीप सेन, अविनाश सिंह, टोमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## आमाकड़ा में पोषण पखवाड़ा का हुआ



दुर्गूकोंदल। आंगनबाड़ी केंद्र आमाकड़ा में पोषण पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी दुग्गा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और माताओं को बेहतर पोषण देना, टेक्नोलॉजी के जरिए जुड़ाव बढ़ाना, बच्चों में कुपोषण एवं एनीमिया जैसे नई चुनौतियो से निपटने के बारे में जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की कार्यकर्ता मीना दर्रो ने बताया पोषण पखवाड़ा दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान करना, नियमित स्वास्थ्य की जांच कराना है। उन्होंने सभी महिलाओं को संतुलित सक्रिय और स्वच्छ रहने का संदेश दिया। इस मौके पर अनिंदा निषाद, रूखमणी यादव, तरुणा दर्रो, उषा जुर्री, राजेश्वरी कोमरा एवं बड़ी संख्या में बच्चे, माताएं एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित रहें।

## सुशासन दिवस पर लोहत्तर क्षेत्र से कई आवेदन मिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की जनताओं की समस्याओ को देखते हुए समस्या की शीघ्र निराकरण करने के लिए स्वयं के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों में विष्णु के सुशासन के तहत प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल तक चलाई जाने वाली सुशासन तिहार में जनपद पंचायत



दुर्गुकोंदल के लोहत्तर क्षेत्र जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने ग्राम पंचायत लोहत्तर में जाकर जानकारी ली। कन्या आश्रम लोहत्तर के समस्या, हायर सेकेंडरी स्कूल और बालक छात्रावास के समस्या को समाधान पेटी में डाला और समस्त क्षेत्र वासियों से अपील किया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रहे हैं इस सुशासन तिहार के अवसर पर मांग और शिकायत आवेदन कर समाधान पेटी पर डाले, जिससे क्षेत्र की समस्या का निराकरण हो सकें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई, 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411